**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 28 अप्रैल 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सेना की तैयारियों पर विचार-विमर्श के लिये कल प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान से मुलाकात की। रक्षा मंत्री के निवास पर लगभग चालीस मिनट तक चली बैठक में रक्षा मंत्री को सेना की रणनीति और तैयारियों की जानकारी दी गयी। सीमा सुरक्षा बल के अधिकारी भी बल की तैयारियों से संबंधित मुद्दों पर बैठक के लिये कल दिल्ली में मौजूद रहे।इस बीच भारतीय नौसेना ने कल भी सफलतापूर्वक पोतरोधी मिसाइल अभ्यास किया और कहा कि वह किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत और विकसित हरियाणा के सपने को साकार करने के लिए प्रदेश को नशा मुक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए नशा मुक्त हरियाणा के अभियान में सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट होकर प्रदेश के युवा को सशक्त और मजबूत बनाना है।मुख्यमंत्री कल नशा मुक्त हरियाणा साइक्लोथॉन द्वितीय के समापन पर सिरसा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने संत समाज, खाप पंचायतों, सरपंचों और प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे इस महाअभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और नशा मुक्त हरियाणा बनाने की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के हर वर्ग का सहयोग नशे के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। ।मुख्यमंत्री ने साइक्लोथॉन को सिरसा में कार्यक्रम स्थल से ओढ़ा के लिए रवाना किया । जहाँ, यह साइक्लोथॉन सिरसा के अलग अलग इलाकों से होती हुई समाप्त हुई। इससे पहले मुख्यमंत्री स्वयं साइकिल चलाकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे और नशा मुक्त हरियाणा का संदेश दिया।

*************************************************************************

हरियाणा में कल सभी जिलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के  मन कि बात को सुना गया। जींद , करनाल, कैथल और पलवल सहित कई जगह से स्थानीय नेताओं के नेतृत्व में जनसमूह द्वारा यह कार्यक्रम  सुने जाने के समाचार मिले हैं।पलवल में कार्यक्रम सुनने के बाद हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा

************************************************************************

हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री  विपुल गोयल ने जयपुर में राजस्थान के नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम कुमार दक से मुलाकात कर गुरुग्राम से सालासर और खाटू श्याम धाम के लिए प्रस्तावित हेलीकॉप्टर टैक्सी सेवा को लेकर विस्तार से चर्चा की है। कल चर्चा के दौरान दोनों राज्यों के बीच इस परियोजना को लेकर आपसी सहयोग पर भी सहमति बनी।बैठक में इस बात पर बल दिया गया कि हेलीकॉप्टर सेवाओं के संचालन के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे, जैसे हेलीपैड, यात्रियों के लिए प्रतीक्षा क्षेत्र, और सुरक्षा मानकों को प्राथमिकता से विकसित किया जाएगा। दोनों राज्यों के बीच आवश्यक प्रशासनिक तालमेल सुनिश्चित करने की भी बात हुई है।

बैठक के उपरान्त श्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेशवासियों को तीर्थ स्थलों की यात्रा के लिए तेज, सुरक्षित और

आरामदायक विकल्प प्रदान किया जाए। इस पहल से न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार और सेवा क्षेत्र में भी उल्लेखनीय विकास होगा।उन्होंने कहा कि जल्द ही इस सेवा के औपचारिक उद्घाटन की प्रक्रिया प्रारंभ होने की संभावना है, जिससे हरियाणा और राजस्थान के श्रद्धालुओं को सीधा लाभ मिलेगा।

**************************************************************************

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार अंत्योदय उत्थान और गरीब कल्याण के लिए कृतसंकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार द्वारा गरीबों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए योजनाएं तैयार की जा रही हैं।खेल मंत्री ने कल पलवल में सैन जयंती समारोह और अखिल भारतीय मैथिली ब्राहमण महासभा में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए यह बात कही। श्री गौतम ने कहा कि सरकार की ओर से गरीबों को रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता के तौर पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं। खेल मंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से गरीबों को केंद्र में रखकर योजनाओं का खाका तैयार किया जाता है ताकि गरीबों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले और उनका जीवन स्तर ऊपर उठ सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को सुविधाएं देने के उद्देश्य से हर क्षेत्र में विकास कार्य करवा रही है।खेल मंत्री ने युवाओं को नशे से दूर रहने का आहवान करते हुए कहा कि युवा शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अपना भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भाग लेने का आहवान भी किया।